# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.08.2024 संध्या 1900 बजे

## मुख्य समाचार

1. **स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की जा रही हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली को झंडी दिखाई।**
2. **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन निधि के छह करोड़ 97 लाख गबन मामले में प्रर्वतन निदेशालय ईडी का धनबाद में छापा।**
3. **कोलकाता में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में रांची के रिम्स में जूनियर डॉक्टर रहे हड़ताल पर, ओपीडी नहीं चला, स्वास्थ्य सेवाएं हुई प्रभावित।**
4. **झारखंड हाईकोर्ट ने जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले में जुड़े सभी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज सीबीआई कोर्ट को सौंपने का दिया आदेश।**
5. **चाईबासा पुलिस ने दो माओवादियों को किया गिरफ्तार, रांची पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एक उग्रवादी को नगड़ी से पकड़ा।**

****************

स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की जा रही हैं। देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। सरकार ने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम से हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान अब एक आंदोलन बन गया है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि हर घर तिरंगा देश की स्वतंत्रता, गौरव और विकसित भारत के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि तिरंगा देश का गर्व है, जो देश को एक सूत्र में बांधता है।
उधर हजारीबाग जिले में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकाले गये तिरंगा यात्रा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। हजारीबाग के इचाक मोड़ से देवपुली तक पंद्रह किलोमीटर तिरंगा यात्रा निकाली गई। दुमका में भी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाला जिसे सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर विमल प्रसाद सिंह ने झंडा दिखाकर रवाना किया। जातमाड़ा जिले में युवाओं ने तिरंगा के साथ शहर में बाईक रैली निकाली।

****************

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर रांची सहित राज्य भर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। रांची में जहां दूसरे राज्यों से आने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है वहीं होटलो में रूकने वाले सभी लोगो के बारे में पुलिस जानकारी ले रही है। रांची से जुड़ने वाले दूसरे जिलों के सीमा पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को विशेष सर्तकता बरतने का निर्देश दिया गया है।

****************

स्वतंत्रता दिवस पर रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन समारोह को लेकर आज फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंजनी मिश्रा, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा की अगुवाई में फुल ड्रेस रिर्हसल हुआ। लोहरदगा जिले में भी परेड का फाइनल रिहर्सल आज बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम मैदान में किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल, गृह रक्षा वाहिनी, सहायक पुलिस बल और एनसीसी स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां शामिल हुईं।

****************

प्रर्वतन निदेशालय ईडी पद का दुरुपयोग कर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एनआरएचएम निधि के छह करोड़ 97 लाख रुपये से अधिक गबन मामले के आरोपी प्रमोद कुमार सिंह के आवास छापेमारी कर रहा है। धनबाद में प्रमोद सिंह के सहयोगी नगर के सेक्टर थ्री स्थित आवास पर ईडी छानबीन कर रहा है। इससे पहले चार जुलाई 2024 को ईडी ने प्रमोद सिंह के सहयोगी नगर सेक्टर तीन और भूली स्थित आवास पर छापेमारी की थी। पूर्व में हुई छापेमारी के दौरान प्रमोद सिंह की तीन गाड़ियों को ईडी ने जब्त किया था। उस समय प्रमोद सिंह आवास में मौजूद नहीं थे।

****************

पश्चिम बंगाल के कोलकाता मे एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर देश भर में सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। महिला डॉक्टर के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को लेकर रांची स्थित राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रिम्स के चिकित्सकों ने आज विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों द्वारा कोलकाता में हुए मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई।

****************

झारखंड हाईकोर्ट में आज धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों लखन वर्मा और राहुल वर्मा की क्रीमिनल अपील पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सीबीआई कोर्ट से इस केस से जुड़े सभी साक्ष्य और घटना की सीसीटीवी फुटेज कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की डबल बेंच में दोनों दोषियों की याचिका पर सुनवाई हुई। गौरतलब है कि धनबाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने दोनो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि माओवादियों की गतिविधियों की सूचना मिलने पर छापेमारी की गई और दो को गिरफ्तार किया गया। जिले के टेबो थाना क्षेत्र के चंपाबा और हेसाडीह के पास से पुलिस ने बिरसा पूर्ति नामक युवक को पकड़ा। उसकी ही निशानदेही पर सोमा बोदरा नामक युवक को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देसी कट्टा, एक बंदूक और एक बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल समेत माओवादियों के इस्तेमाल की सामग्री को बरामद किया गया।

****************

रांची पुलिस ने उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एक उग्रवादी अर्जुन सिंह उर्फ नेपाल सिंह को रांची के नगड़ी से गिरफ्तार किया है। अर्जुन सिंह गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसके विरुद्ध गुमला जिले में 9 केस दर्ज है।

****************

भारत सरकार ने रामगढ़ जिले के सुकरीगढ़ा सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर को **एक जिला एक उत्पाद** के तहत सूचीबद्ध किया है।

****************

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से आज रांची में राज्य स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने किसानों से जुड़े पोर्टल को लॉन्च किया।